## एक नजर में

### दो दिन बंद रहेगी मंडी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 03 जनवरी, का.** एक बार फिर दो दिन स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार 4 जनवरी रविवार को सर्वर बंद होने तथा 5 जनवरी सोमवार साप्ताहिक अवकाश के चलते कृषि मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. अवकाश के दिनों में किसान भाई अपनी फसल विक्रय हेतु मंडी में नहीं लावे.

### युवा संगम मेला रोज़गार, कौशल का बड़ा मंच

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** देश के ऊर्जावान युवाओं को रोज़गार, कौशल प्रशिक्षण और करियर के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम रोज़गार मेला 2026 का आयोजन 12 जनवरी, 2026 को मंडी प्रांगण, सारंगपुर में किया जाएगा। इस मेले में एक ही मंच पर नौकरी, प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन के बेहतरीन अवसर उपलब्ध होंगे. मेले में निजी एवं सरकारी क्षेत्रों की भागीदारी के साथ विभिन्न कंपनियाँ, प्रशिक्षण संस्थान और काउंसलिंग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराएंगे. यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा.

### भाटखेड़ा में हिंदू सम्मेलन आज

**छापीहेड़ा 03 जनवरी, सं.** भाटखेड़ा गांव में 4 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. सम्मेलन के लिए ईजीएस विद्यालय ग्राउंड का चयन कर विधिवत भूमि पूजन किया गया है. आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं. इस हिंदू सम्मेलन में भाटखेड़ा सहित जटामड़ी एवं देवाखेड़ी गांव के श्रद्धालु शामिल होंगे. सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पिछले 15 दिनों से लगातार प्रभात फेरी निकाली जा रही है.

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से 20 दिसम्बर, 2025 से 20 जनवरी, 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं. प्रवेश परीक्षा 08 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी. परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकते है.

### मऊ एवं गुलावता मंडल में हिंदू सम्मेलन आज

**पडाना 03 जनवरी, सं.** क्षेत्र के अंतर्गत मऊ मंडल मैं मां दुर्गा गौशाला परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा. रविवार सुबह रामलीला मंडल चौक से साधु संतों के अलावा मंडल के अंतर्गत आने वाले डिंगलपुर, भूरा खेड़ी, चतरुखेड़ी, नारायणपुर, बरुखेड़ी गांव के लोगो द्वारा कलशयात्रा निकाली जाएगी. तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी के मुखारविंद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी अभियान के तहत उद्बोधन दिया जाएगा. इसी के चलते गुलावता मंडल में भी तुकोगंज हनुमान मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होगी. मुख्यवक्ता परम पूज्य आदित्य चेतना गिरी द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा.

# दो वर्ष के ब्याज सहित देना होगा बीमा क्लेम

## महत्वपूर्ण प्रकरण में उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला, बीमा कंपनी पर 7 हजार का जुर्माना भी

**दुर्घटना के मामले में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी को देना होगा क्लेम भुगतान**

**कार दुर्घटना का प्रकरण, फरियादी को नहीं दिया बीमा का लाभ, अब देना होगा ब्याज सहित बीमा क्लेम**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** कार दुर्घटना के दौरान सही दस्तावेज होने के बाद भी वाहन दुर्घटना बीमा नहीं देने पर उपभोक्ता फोरम द्वारा आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी को फटकार लगाते हुए फरियादी के पक्ष में फैसला सुनाया है. बीमा कंपनी को पिछले 2 वर्ष के ब्याज सहित बीमा राशि का भुगतान 7 दिनों में करने के आदेश जारी किए गए है. बीमा की राशि 7 प्रतिशत वार्षिक भुगतान के साथ करना होगी. फैसला सुरेन्द्र सक्सेना सदस्य उपभोक्ता फोरम, सुरेश कुमार चौबे अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़ द्वारा सुनाया गया.

### लायसेंस वैध और गवाह, साक्ष्य के आधार पर जीता केस

बीमा में वाहन की आईडीवी 6 लाख 96 हजार रूपए घोषित थी. फरियादी मुकेश दांगी ने बताया कि बीमा पॉलिसी 16 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2023 तक वैध दी. साथ ही वाहन में दुर्घटना के बाद उन्होंने सुधार के लिए 2 लाख 8 हजार 438 रूपए की राशि व्यय की. 21 मई 2023 को दुर्घटना हुई थी. मामले में लायसेंस भी 6 अप्रैल 2023 से 5 अक्टूबर 2024 तक वैध था. वहीं मामले में गिरिराज दांगी ने गवाही देते हुए कहा कि मुकेश दांगी की कार में वह उसके पास चालक सीट के बगल में बैठा हुआ था. दुर्घटना के समय परिवादी ही अपने बीमित वाहन को चला रहा था. अन्य व्यक्ति द्वारा वाहन चलाने की बात असत्य है. गिरिराज को कोई चोट भी नहीं लगी है. साक्ष्य और सभी दस्तावेज वैध पाए जाने के बाद जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इन्श्योरेंस कंपनी को क्लेम देने और पिछले 2 वर्ष की अवधि का 7 प्रतिशत वार्षिक दर से भुगतान करने के निर्देश दिए है. साथ ही परिवादी को मानसिक कष्ट के लिए 5 हजार और अभिभाषक शुल्क 2 हजार रूपए भुगतान के निर्देश दिए है. उक्त मामले में फरियादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता आबिद हुसैन द्वारा की गई.

### बीमा धारक ही चला रहा था वाहन

जानकारी के अनुसार 21 मई 2023 को मुकेश दांगी अपने वाहन क्रमांक एमपी 09 जेडबी 3927 से रनारा गांव से जीरापुर की ओर जा रहा था. उसी दौरान रास्ते में आठवां मील पीपल्याकलां रोड़ के रास्ते पर वाहन के सामने गाय आ जाने पर संतुलन बिगड़ा और वाहन ईंट भट्टे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया. इसके बाद उन्होंने वाहन बीमा करने वाली कंपनी को सूचना दी. बीमा कंपनी द्वारा सर्वे के लिए लॉस असेसर मान सिंह को नियुक्त किया गया. सर्वेयर ने 1 लाख 25 हजार 485 रूपए की क्षति होना निर्धारित की गई है. दुर्घटना की सत्यता के लिए करांडे असोसिएट को नियुक्त किया गया. क्लेम नंबर 3612684 को यह कहकर निरस्त कर दिया गया कि चालक की जानकारी पूरी तरह उपलब्ध नहीं है और तथ्यों को छिपाया जा रहा है. इस प्रकार बीमा क्लेम रिजेक्ट कर दिया गया.

# कलेक्टर से शिकायत पर जल संसाधन टीम पड़ाना पहुंची



नवभारत न्यूज

**पड़ाना 03 जनवरी, सं.** हर घर तक कुंडलिया डैम नल जल योजना पाइपलाइन से पानी पहुंचाने वाली जल जीवन मिशन योजना की शिकायत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची आरोप था कि आजीविका जल जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल जल कुंडलिया डैम योजना के माध्यम से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर में ठेकेदार कंपनी ने पाइपों को टुकड़ों टुकड़ों में डालकर काम कराया है. शिकायतकर्ता प्रदुमन परमार ने जल निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्टर राजगढ़ को 1 अप्रैल 2024 जल निगम कमिश्नर और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर अगस्त 2024 में शिकायत की गई थी शिकायती पत्र पर राजगढ़ कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के द्वारा जांच दल गठित किया गया इसके तहत शनिवार को जांच करने जल संसाधन विभाग ब्यावरा के एसडीओ संजय अग्रवाल सारंगपुर जनपद पंचायत के एसडीओ कृपाल पेरवाल अधिकारियों की टीम आई एवं नगर में जाकर अलग-अलग गली मोहल्ले में जल जीवन मिशन की योजना की अलग-अलग बिंदुओं से जांच की जिसमें विभिन्न प्रकार के अनियमित पाई गई कई जगह लाइन लीकेज है तो जहां नलों में पानी आ रहा है वह गंदा है. जांच टीम में जल संसाधन विभाग ब्यावरा के एसडीओ संजय अग्रवाल, जनपद पंचायत एसडीओ कृपाल पैरवाल, जल निगम प्रबंधक सचिन दांगी, इंजीनियर योगेंद्र सिंह, एलएनटी के मैनेजर रमन्ना रेड्डी, टीएल योगेश तोमर शामिल रहे.

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

## पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 03 जनवरी, सं. खिलचीपुर नगर में शुक्रवार रात एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया. हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से रेफर होने के बाद भोपाल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. आत्मघाती कदम के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है.**

मृतक की पहचान कार्तिक गौड़ (20) उर्फ कृष्णा के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया. कुछ देर बाद वह खिलचीपुर नगर पालिका के सामने स्थित एक दुकान के पास उल्टियां करता नजर आया. वहां मौजूद लोगों ने उसकी हालत गंभीर देख उसे तुरंत खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया.

### भोपाल किया रेफर

अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद पुष्टि की कि युवक ने जहरीला पदार्थ खाया है. उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों की सलाह पर परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल लेकर गए. भोपाल में उपचार के दौरान शनिवार सुबह युवक ने दम तोड़ दिया. मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया. घटना की जानकारी संबंधित थाने को दी गई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. युवक द्वारा जहर खाने के कारणों का पता लगाया जा रहा है.



# हिन्दू सम्मेलन की विराट तैयारियां

**नवभारत न्यूज, करनवास 03 जनवरी, सं.** विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी पूर्णता की ओर शिवालय मड़ागल पर प्राणी में आसपास के 12 गांव घर-घर जाकर भारत माता का चित्र देकर हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया परिवार सहित सभी से सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह किया गया और कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मेलन सम्मेलन की पूर्ण तैयारी कर ली गई है हजारों की संख्या में उत्साह के साथ शामिल होने की तैयारी चल रही है बस स्टैंड से शिवालय रोड तक केसरिया रंग की ध्वज ये लगा दी गई है युवा वर्ग भारी उत्साह के साथ तैयारी में लगा हुआ है आज सारा गांव राम में हो जाएगा सभी हिंदू भाइयों से निवेदन है की अपने कर्तव्य का पालन करते हुए सभी का ध्यान रखते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई.

# मेड़तवाल समाज की परंपरा : रामगढ़ गांव में हुआ पहला नेत्रदान

## धापूबाई सिंघी का निधन, शंकरा नेत्रालय इंदौर की टीम ने कीं औपचारिकताएं पूरी



नवभारत न्यूज

**माचलपुर 03 जनवरी, सं.** मेड़तवाल रक्त नेत्र-मित्र समिति के प्रयासों से रामगढ़ से भी नेत्रदान संपन्न हुआ है. मेड़तवाल रक्त नेत्र मित्र समिति के अशोक गुप्ता ब्यावरा एवं भवानीमंडी के कमलेश गुप्ता ने बताया कि रामगढ़ निवासी समाजसेवी कैलाशचंद सिंघी की पत्नी धापूबाई सिंघी के निधन के बाद समिति के प्रमोद सिंघी के द्वारा प्रेरित करने पर धापूबाई के पौत्र राधाकिशन व सम्यक सिंघी तथा परिवार ने नेत्रदान की सहमति प्रकट की. समिति के विशाल गुप्ता जीरापुर द्वारा सूचना देने पर शंकरा नेत्रालय इंदौर से डॉ अंकित देवकर एवं अनिल गोरे की नेत्र उत्तसरण टीम ने रात्रि 10 बजे रामगढ़ पहुंचकर पूरे परिवार के सामने नेत्रदान प्रक्रिया संपादित करके कॉर्निया प्राप्त किया. नेत्रदान टीम के रामगढ़ पहुंचने में समिति के रामकृष्ण गुप्ता ब्यावरा, बबलू गुप्ता इकलेरा एवं मनोज गुप्ता पड़ाना ने भी विशेष सहयोग किया, नेत्रदान के बाद नेत्र उत्तसरण टीम एवं मेड़तवाल रक्त नेत्र मित्र समिति के द्वारा परिवार को प्रशस्ति-पत्र दिया गया. मेड़तवाल रक्त नेत्र मित्र समिति के सदस्य विकास गुप्ता एवं जीरापुर निवासी शिक्षक गिरिराज गुप्ता ने बताया कि यह राजगढ़ जिले के रामगढ़ गांव से प्रथम नेत्रदान प्राप्त हुआ है. पिछले एक वर्ष में 36 नेत्रदान संपन्न हुए हैं.



# पैसे जमा नहीं करने पर 22 दुकानों को सील किया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/छापीहेड़ा 03 जनवरी, सं.** संडाावता कस्बे में शनिवार को बकाया राशि के चलते 22 दुकानों को सील कर दिया गया. इन दुकानों पर वर्ष 2017 से बकाया राशि चली आ रही है. पंचायत द्वारा यह कार्यवाई की गई. इन दुकानों पर लगभग 31 लाख 50 हजार रुपये की राशि बकाया बताई जाती है. संडावता को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के तहत बाजार विकास हेतु इन दुकानों का निर्माण किया गया था. इन दुकानों को नीलामी के द्वारा दिया गया किंतु इन संबंधित दुकानदारों द्वारा लम्बे समय से दुकानों का पैसा नहीं दिया. पंचायत द्वारा डेढ़ दर्जन से अधिक नोटिस दिए गये. बावजूद इसके दुकानों का पैसा जमा नहीं होने पर आखिरकार दुकानों को सील करने की कार्यवाई की गई.

एसडीएम रोहित बम्होरे के नेतृत्व में राजस्व एवं पंचायत की टीम द्वारा कार्यवाई की गई. सारंगपुर-संडावता मार्ग पर 5 दुकानों, नये बस स्टेण्ड परिसर की 17 दुकानों को सील करने की कार्यवाई की गई. नायब तहसीलदार शैलजा मिश्रा, जनपद सीईओ हेमेन्द्र गोविल, पंचायत सचिव मौजूद रहे. वर्ष 2017 में यह दुकानों नीलाम की गई थी, कई बार नोटिस देने के बावजूद पैसे जमा नहीं हुए. तत्पश्चात जिला कलेक्टर के निर्देश पर पंचायत के द्वारा दुकानों को सील करने की कार्यवाई की गई दुकानों को सील करने के बाद इनकी चाबियां पंचायत सचिव, सरपंच को सौंप दी गई.

# आज हिंदू सम्मेलन, होगी धर्म सभा

**सुठालिया 03 जनवरी, सं.** हिंदू सम्मेलन आज दोपहर बारह बजे से नगर के महावीर आश्रम बड़ा बाग रोड पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा. विशाल धर्म सभा में बाहर से पधारे साधु संत अपना आशीर्वचन देंगे. विशाल सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा. इसके लिए आयोजन कर्ताओं ने नगर को आठ क्षेत्र में विभक्त किया है. प्रतिदिन धन व अन्न संग्रह के लिए आयोजन करता घर-घर पहुंच रहे हैं और सभी से सहयोग की अपील कर हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह भी कर रहे हैं.

# साढ़े पांच लाख की अवैध शराब जब्त, आरोपी फरार

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 03 जनवरी, सं.** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ राजगढ़ पुलिस के निरंतर अभियान के तहत थाना नरसिंहगढ़ पुलिस ने ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में बड़ी कार्रवाई की. दबिश के दौरान पुलिस ने 905 लीटर अवैध शराब जप्त की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 38 हजार रुपये है. साथ ही कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 1500 लीटर लहान मौके पर ही नष्ट किया गया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी (आईपीएस) के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (आईपीएस) के नेतृत्व में की गई. पुलिस ने मौके से 725 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब तथा 180 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की. मामले में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर 08 आरोपियों—जितेंद्र, अनिल, मनीष, राहुल, अभिषेक, अरुण, कमल गुदेंन एवं महेश (सभी निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, छोटा बैरसिया)—के विरुद्ध कार्रवाई की गई है. आरोपी फिलहाल फरार हैंस संयुक्त कार्रवाई में नरसिंहगढ़ सहित सारंगपुर, छापीहेड़ा, ब्यावरा शहर, करनवास, देहात ब्यावरा, बोडा, मलावर एवं कुरावर थानों के अधिकारियों व पुलिस बल का महत्वपूर्ण योगदान रहा.



# रिटायर्ड बिजली कर्मी को हनी ट्रैप में फंसाया

## 10 लाख की मांग की

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 03 जनवरी, सं. बिजल कंपनी के रिटायर कर्मचारी को हनी ट्रैप में फंसा कर अश्लील/आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर 10 लाख रूपये की ब्लैकमैलिंग के मामले में पुलिस ने आरोपियों महिला और उसके पति के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए 4 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, पेनड्राईव जिसे अश्लील/ आपत्तिजनक वीडियो जप्त की है.**

जानकारी के अनुसार फरियादी ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई की महिला आरोपी फैमिदाबी पति मुबारिक खान निवासी पुराना दशहरा मैदान सारंगपुर एवं उसके पति मुबारिक खान पिता रशुल खान ने फरियादी को घर में बुला कर जबरदस्ती उसके साथ अश्लील वीडियो तैयार कर ब्लैकमैल कर 10 लाख रूपये की मांग की. रूपये नही देने पर अश्लिल विडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी गई. पुलिस ने आरोपीगण के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की.

अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरविंद सिंह के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सारंगपुर निरीक्षक आकांक्षा हाडा द्वारा गठित टीम ने सतत प्रयास करते हुए आरोपी की खोज की एवं मात्र 04 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की. मामला सामने आने पर आरोपियों के विरुद्ध और भी जानकारी सामने आरही है जिसमे पूर्व में भी महिला द्वारा अन्य लोगो से ऐसे ही वीडियो बना कर लाखो रुपए ऐठे गए है.

**शिकायत** ▶ **निर्माता कंपनियों पर कार्रवाई की मांग, उठाए गंभीर सवाल**

# नकली उर्वरक मामला, दिग्विजय ने सीएम को पत्र लिखा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** जिले में नकली सुपर फास्फेट खाद के मामले ने तूल पकड़ लिया है. राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने निर्माता कंपनी पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए इसे किसानों के साथ गंभीर धोखाधड़ी करार दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित दुकानदार के पास सुपर फास्फेट खाद बेचने का वैध लाइसेंस तक नहीं था, इसके बावजूद खुलेआम खाद की बिक्री की जा रही थी. दुकानदार के बयान के अनुसार यह खाद भोपाल स्थित निर्माता कंपनी कोरामंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के स्टॉक से खरीदी गई थी. वहीं, पूर्व विधायक द्वारा कराई गई निजी प्रयोगशाला की जांच में भी खाद गुणवत्ताविहीन पाई गई है. दिग्विजय सिंह ने मांग की है कि कोरामंडल इंटरनेशनल लिमिटेड के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर उसके साथ किए गए सभी शासकीय अनुबंध निरस्त किए जाएं.

**सरकारी लैब की रिपोर्ट में खाद अमानक**-कृषि विभाग द्वारा जब्त खाद के नमूने जबलपुर स्थित फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लैब भेजे गए थे. 15 दिसंबर 2025 को आई रिपोर्ट में सुपर फास्फेट खाद को अमानक घोषित किया गया. रिपोर्ट के अनुसार खाद में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्व अत्यंत कम मात्रा में पाए गए. इसके बावजूद गुणवत्ता को लेकर नई एफआईआर दर्ज न होने पर दिग्विजय सिंह ने सवाल खड़े किए है. उन्होंने कहा कि जिस खाद की बोरियों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर और किसानों के लिए संदेश छपा है, वही खाद किसानों को ठगने का माध्यम बन रही है. इससे किसानों का भरोसा टूट रहा है और सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है.

### पूरे प्रदेश में संगठित नेटवर्क की आशंका



राजगढ़ जिले में मामला सामने आने के बाद दिग्विजय सिंह ने इसे केवल एक दुकान या एक जिले तक सीमित न बताते हुए पूरे प्रदेश में नकली खाद के संगठित नेटवर्क की ओर इशारा किया है. उन्होंने 30 दिसंबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की. पत्र में उल्लेख किया गया है कि राजगढ़ जिले के ग्राम नाईपुरिया में किसानों को सिंगल सुपर फास्फेट के नाम पर ऐसी खाद बेची गई, जिसमें रेत की मात्रा अधिक और जरूरी पोषक तत्व नाममात्र के पाए गए. इससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई गई है. ग्रामीण दौरे के दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी को किसानों ने इसकी शिकायत की थी, जिसके बाद कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पंचनामा किया गया.